सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 293 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, रविवार, 21 अप्रैल, 2024




# बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी के जीजा की निरसा में सड़क हादसे में मौत, बहन अस्पताल में भर्ती ...

**बहन क़ी हालत गंभीर, कोलकाता रेफर**

पोलिट लाइव रिपोर्टर







धनबाद: बॉलीवुड कलाकार पंकज त्रिपाठी की बहन और जीजा सड़क हादसे के शिकार हुए हैं. जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दोनों बिहार के गोपालगंज के कमालपुर से निरसा आ रहे थे. पंकज के बहनोई राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी कार ड्राइव कर रहे थे. जबकि बहन सविता कार में सवार थी. निरसा में हुए हादसे के बाद दोनों को जख्मी हैं. आनन आनन में दोनों को SNMMCH अस्पताल में भर्ती कराया गया. हादसे में पंकज त्रिपाठी के जीजा मुन्ना तिवारी की मौत हो चुकी है. वहीं, उनकी बहन सरिता जख्मी अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं.

धनबाद के अस्पताल में सहकर्मी और उनके रिश्तेदारों ने बताया कि राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी अपनी पत्नी सविता तिवारी के साथ बिहार के गोपालगंज के कमालपुर गांव से चितरंजन जा रहे थे. राजेश तिवारी अपनी कार खुद ड्राइव कर रहे थे, जबकि पत्नी वाहन में सवार थी. धनबाद से बंगाल जाने वाले एनएच 19 निरसा बाजार में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. उनकी कार करीब तीन फिट के डिवाइडर से जा टकराई. कार की स्थित देखकर मालूम पड़ता है कि काफी रफ्तार में डिवाइडर से टकराई होगी.

हादसे में डिवाइडर कार की बॉर्नट को चीरते हुए ड्राइविंग सीट से पीछे की सीट तक पहुंच गई. कार के बोनट से लेकर पीछे की सीट तक परखच्चे उड़ गए. हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल थे, जिसके बाद आनन फानन में दोनों SNMMCH अस्पताल ले जाया गया. जहां इलाज के दौरान राजेश तिवारी ने दम तोड़ दिया. जबकि उनकी पत्नी सविता तिवारी का इलाज अभी भी अस्पताल में चल रहा है. सविता की हालत गंभीर बनी हुई है. हादसे के बाद SN-MMCH अस्पताल में धनबाद में रहने वाले उनके जानने वालों की भीड़ जुटी हुई है.

मुन्ना तिवारी के सहकर्मी ने बताया कि राजेश तिवारी चितरंजन में रेल में कार्यरत थे. उनकी ड्यूटी रेलवे की जीएम ऑफिस में थी. वह छुट्टी पर अपने घर गोपालगंज गए थे. गोपालगंज से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है. उनके रिश्तेदार के द्वारा घटना की जानकारी बॉलीवुड के कलाकार पंकज त्रिपाठी को भी दी गई. इसके साथ अन्य परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई है. परिजन अस्पताल पहुंचने के लिए रवाना हो चुके हैं.



# धनबाद के चर्चित कोयला व्यवसायी सह कांग्रेस कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह हत्याकांड में हुई गवाही

**सुरेश सिंह की पत्नी व पुत्र ने दी गवाही।**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और प्रसिद्ध कोयला व्यवसायी सुरेश सिंह हत्याकांड में मृतक की पत्नी मनोरमा सिंह और पुत्र अजय सिंह की गवाही हुई। एडीजे छह की अदालत में दोनों ने अपना बयान दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस नेता रणविजय सिंह भी उपस्थित थे।

रामधीर सिंह और पूर्व धनबाद के मेयर इंदू सिंह का पुत्र है शशि सिंह। बताते चलें कि शशि सिंह जेल में कैद जनता मजदूर संघ के नेता रामधीर सिंह और धनबाद की पूर्व मेयर इंदु सिंह का पुत्र है। सुरेश सिंह हत्याकांड में तीसरी बार देवेंद्र सिंह की गवाही दर्ज हुई है। बचाव पक्ष की ओर से अपीलकर्ता अनूप कुमार सिन्हा और अभय कुमार सिन्हा ने प्रति परीक्षण किया था। शशि सिंह को इस मामले में पुलिस फरार घोषित कर चुकी है। घटना को अंजाम देने के बाद से ही शशि सिंह फरार है। उसे पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### 7 दिसंबर 2011 को हुई थी हत्या

बता दें की 7 दिसंबर 2011 की रात धनबाद क्लब में रोहित सिंह की रिसेप्शन पार्टी में सुरेश सिंह की हत्या हुई थी। सुरेश के पिता तेज नारायण सिंह की शिकायत पर शशि सिंह, संजीव सिंह, रामधीर सिंह के विरुद्ध धनबाद थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से शशि फरार हैं।

### 5 माह के अनुसंधान के बाद 20 मई 2012 को

पुलिस ने शशि सिंह, प्रमोद लाल, मोनू सिंह,आलोक वर्मा के विरुद्ध आरोप पत्र दायर कर दिया था। इसमें शशि सिंह को शूटर बताया गया था। सुनवाई के बाद रणविजय सिंह ने न्यायालय पर एक बार फिर से विश्वास जताते हुए कहा कि आरोपी कितना भी बड़ा रसूख वाला हो, सलाखों के पीछे जरुर जायेगा।

## मॉक पोल के बाद डाटा जरुर डीलिट करे - डीडीसी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल व त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने, मन में कोई भी संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वार्तालाप करके उसका समाधान करने को कहा।

साथ ही समय पर मॉक पोल शुरु करने, मॉक पोल के बाद डाटा जरूर से डिलीट करने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि शाम पांच बजे से पूर्व जितने भी मतदाता मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहेंगे उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर अवश्य मतदान करने देंगे।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के फॉर्म भरने, चुनाव समाप्ति के उपरांत क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने, 2 बैलेट यूनिट कनेक्ट करने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

## सभी छह विस के बीएलओ, सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विगत तीन दिनों से न्यू टाउन हॉल में धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजर का 14 बिंदुओं पर प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फॉर्म 12 डी, होम वोटिंग, ए.एस.डी. लिस्ट, वोटर इन्फोर्मेशन स्वीप, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप एक्टिविटी, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर, चुनाव से 2 दिन पहले, 1 दिन पहले और चुनाव के दिन का दायित्व, वोटर हेल्पलाइन एप व सी-विजील एप, ईवीएम, चुनावी पाठशाला इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में सभी विधान सभा के एआरओ तथा एईआरओ ने उपस्थित होकर उचित दिशा निर्देश दिए।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला ग्रामीण एवं महानगर संयुक्त बैठक जिला कार्यालय मे संपन्न




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला ग्रामीण एवं महानगर संयुक्त बैठक जिला कार्यालय मे लोकसभा संसदीय प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी से भरी जीतने का भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने संकल्प क्या और सभी आदिवासी गांव को दौरा करके मतदान करने की अपील करेंगे मुख्य रूप से धनबाद लोकसभा प्रभारी मंतोष सोरेन गिरिडीह लोकसभा प्रभारी सिकंदर हेम्ब्रम फुलचाद किसकु ग्रामीण जिला अध्यक्ष रविश्वर मरांडी अध्यक्षता की गई जिला एवं मंडल के पदाधिकारी की जोरदार उपस्थित रही संचालन कर रहे है। महामंत्री गोविं दुडू परेश मुर्मू लखीराम मंराडी जितेन मोदी प्रकाश मोदी कृष्ण बास्की नंदलाल मुर्मू अनिल मुर्मू जानकी कोडा सुभाष मुर्मू सुरेश बस्की पूर्व पंचायत समिति सदस्य गीता टुडू अरुण हेमराम सुरेश मरांडी सत्यदेव हेंब्रम सुरेंद्र मुंडा जिला के सभी मंडल एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.



# एसडीएम से मिला बैंक मोड़ चैंबर प्रतिनिधिमंडल

## बैंक में पैसा जमा कराने गए रुपए की टाइगर पुलिस द्वारा जब्ती के तरीके पर उठाया सवाल

▶ एसडीएम ने जांच के दिए आदेश

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : शनिवार को धनबाद के बैंक मोड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल व्यापारियों के साथ शुक्रवार को हुए बैंक परिसर में रुपए जब्ती की घटना के विरोध को लेकर एसडीएम उदय कुमार रजक से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम उदय रजक ने चेंबर की पीड़ा को ध्यान से सुना एवं व्यापारियों को हो रही परेशानियों पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने त्वरित करवाई करते हुए शुक्रवार की घटना की जांच के आदेश दिए साथ ही साथ बैंक मोड़ चेंबर को आश्वस्त किया कि भविष्य में व्यापारियों को बेवजह परेशान नही किया जाएगा।

शुक्रवार को जप्त किए गए रुपए भी रिलीज कमिटी के द्वारा जल्द से जल्द व्यापारियों को सुपुर्द कर दिया जायेगा।

एसडीएम उदय रजक ने इस समस्या को डीसी माधवी मिश्रा के संज्ञान में भी रखने की बात कही।

साथ ही आम व्यापारियों से आग्रह है कि चुनाव आयोग के गाइडलाइंस के नियमो के अनुसार बैंक में घर एवं दुकान ले जाने के क्रम में उचित दस्तावेज साथ में अवश्य रखे...

बैंक मोड़ चैम्बर हमेशा व्यापारीहित और प्रशासन को सहयोग में सजग है।

प्रतिनिधिमंडल में बैंक मोड़ चैम्बर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ,महासचिव लोकेश अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी शामिल थे..



### रविवार को रांची में होने वाले न्याय उलगुलान महारैली में धनबाद शहर से हजारों कार्यकर्ता, जनता पहुंचेगी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : रविवार को रांची में होने वाले न्याय महारैली में धनबाद सहर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित होंगे, कल का न्याय उलगुलान महारैली झारखंड के राजनीतिक भविष्य में एक सुनहरा इतिहास लिखने जा रहा है। "अन्याय के खिलाफ न्याय उलगुलान, गरीबों के लिए उलगुलान, भय के खिलाफ भय मुक्त उलगुलान, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने के खिलाफ उलगुलान, झारखंड को लुटेरों से बचाने के लिए उलगुलान" कल इसमें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन, एवं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी , राजद के नेता तेजस्वी यादव एवं इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मंत्री विधायक गण संबोधित करेंगे और लाखो की संख्या में झारखंड के कोने कोने से लोग उपस्थित होंगे।

# आयुष फाउंडेशन धनबाद का क्राफ्ट वर्कशॉप द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में संपन्न





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आयुष फाउंडेशन धनबाद का क्राफ्ट वर्कशॉप के आर जे इंस्टीट्यूट गोविंदपुर के संचालक कुंदन सर के पिताजी एस एन झा जी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष में बिशुनपुर स्थित द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में 100 बच्चों को पेपर क्राफ्ट से वॉल हैंगिंग बनाना सिखलाया । उपाध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया एस एन झा जी आज हमारे बीच नहीं है ,उनके सुपुत्र कुंदन सर ने अनोखे तरीके से अपने पिताजी का जन्मदिन मनाने के लिए हमसे सलाह ली और आज 100 बच्चों ने मुफ़्त वॉल हगिंग बनाना सीखा, कुंदन सर जो खुद बच्चों को प्रोत्साहित करते रहते है कहा हम इस तरह से अपने खास सुअवसर को अगर मनाए तो हम अपने समाज में कुछ नई मिशाल देंगे। प्राचार्य मदन सर ने साधुवाद दिया ।स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया ।सभी बच्चों को बिस्किट्स,चॉकलेट ,आदि भी दिया गया सचिव अर्पिता अग्रवाल,उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, कुंदन सर ,विनीता झा ,गोविंद मिश्रा ,सह स्कूल के शिक्षकगण मौजूद थे।

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
   For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# धनबाद एजुकेशन फेयर मटकुरिया में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : शनिवार को धीमंत एजुकेशन के द्वारा होटल कोल कैपिटल धनबाद में एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन किया गया। इसमें लगभग देश के 15+ कॉलेज और यूनिवर्सिटीज ने भाग लिया जिसमें आर्का जैन यूनिवर्सिटी जमशेदपुर, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर, RIT रुड़की, NSHM नॉलेज कैंपस दुर्गापुर, पारुल यूनिवर्सिटी गुजरात, ईस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन बैंगलोर, नागार्जुन बैंगलोर, बददी यूनिवर्सिटी हिमाचल,दशरथ प्रसाद सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बिहार, त्रिभुवन कॉलेज राजस्थान, संदीप यूनिवर्सिटी नासिक आदि कॉलेज और यूनिवर्सिटी ने भाग लिया।





सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी से आए हुए रिप्रेजेंटेटिव ने बच्चों को अपने कोर्सेज और प्लेसमेंट सभी तरह की जानकारी दी। कॉलेजों के द्वारा बच्चों को उनके करियर से संबंधित सारी जानकारी दी गई और वह क्या करें कैसे उनका भविष्य उज्जवल होगा वह कौन से कोर्स का चयन करें उसके लिए क्या-क्या प्रक्रिया है आदि सभी प्रकार की जानकारी छात्रों को दी गई। लगभग 500 से अधिक छात्र और छात्राओं ने इस एजुकेशन फेयर में भाग लिया इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई, दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि प्रमोद सिन्हा (सोशल वर्कर), टीम धीमंत एजुकेशन और कई स्कूलों और कॉलेज के शिक्षक के द्वारा किया गया।

संस्था के निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा ऐसा प्रोग्राम हर जिले में होना चाहिए ताकि बच्चों को मोटिवेशन और नॉलेज मिलता रहे और एक ही छत के नीचे वह देश के विभिन्न शहरों में स्थित कॉलेज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके और उसमें एडमिशन ले सके। वही जागेश्वर महतो ने कहा की धनबाद के बच्चे बहुत ही प्रतिभाशाली है परंतु इन्हें जानकारी का अभाव है हम भविष्य में भी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ऐसे एजुकेशन फेयर का आयोजन लगातार करते रहेंगे और छात्र/छात्राओं को भविष्य के बारे में, उनके करियर के बारे में उचित जानकारी देते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकेश कुमार,आशीष गुप्ता, इबरार जी, शेखर जी, जागेश्वर महतो, जलेश्वर, आनंद, निखिल, सोनी, प्रीती, रिया आदि उपस्थित थे।

## एक साइबर अपराधी रंगे हाथों गिरफ्तार, दो वर्षो से था साइबर ठगी के काम में सक्रिय



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: धनबाद पुलिस ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र से एक साइबर अपराधकर्मी विक्रम कुमार दास को बागसुमा स्थित उसके घर से साइबर ठगी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है.साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी निरसा व गोविंदपुर इलाके में साइबर ठगी को लेकर सक्रिय हैं.

इस सूचना पर साइबर थाना के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी की गई. इस छापामारी में उक्त आरोपी विक्रम कुमार दास को उसके घर से गिरफ्तार किया गया. आरोपी के पास से एक लेपटॉप, पांच एंड्राइड मोबाईल, एक बैंक पासबुक, छह सिम कार्ड, एक पेन कार्ड, दो एटीएम कार्ड और 15 हजार नगद बरामद किया गया.

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा विगत दो वर्षो से साइबर अपराध करने की बात स्वीकार की गई है तथा अपने गिरोह के कई सहयोगियों के नाम भी बताये हैं. इस संबंध में साइबर थाना में धारा-419/ 420/ 467/ 468/471 मा०प०वि० एवं 66/66 (सी०)/66(0) आई०टी०एक्ट 2000 दर्ज किया गया है। साइबर डीएसपी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है। साइबर पुलिस ने धनबाद वासियों से अपील की है कि अगर कोई बैंक के अधिकारी,बीमा कम्पनी के अधिकारी, बिजली विभाग के अधिकारी, कुरियर सेवा के स्टाफ या उनके परिजन के किसी मुकदमा में पकड़ेजाने या दुर्घटना ग्रस्त हो जाने के नाम पर पैसे की मांग करे तो इसकी सूचना पहले साइबर थाना या अपने नजदीक के थाने में अवश्य दें तथा साइबर ठगी के शिकार होने से स्वयं को बचायें।

## जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन
- लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत तोपचांची प्रखंड में जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदियों द्वारा मानव श्रिंकला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दीदियों ने 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील किया।

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो
पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट-गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
(Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th
10th
11th
12th
B.Sc.
M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th,12th & B.A.
आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert) 7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert) 9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859

## सरस्वती विधा मंदिर सिंदरी के बाल सांसद निर्वाचन का

# शपथ ग्रहण समारोह हुई आयोजित





पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: सरस्वती विधा मंदिर सिंदरी के बाल सांसद निर्वाचन 2024 -25 का शिशु भारती,बल भारती,कन्या भारती, के सदस्यों का परिणाम घोषित किया गया, चुने हुए सदस्य को एक कार्यक्रम आयोजित कर शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर विधालय के सचिव शशि भूषण गुप्ता,प्राचार्य सुनील कुमार पाठक आदि उपस्थित थे। शिशु भारती के विजेता प्रतिभागियों के नाम श्लोक शांडिल्य प्रधानमंत्री,सिद्धि मंत्री,अमन महतो सेनापति के पद प्राप्त किया है। बाल भारती के विजेता रहे मोहित राज प्रधानमंत्री,रावीर सिंह मंत्री, सिकन्दर स्वानी सेनापति के पद पर। किशोर भारती में गौतम महतो प्रधानमंत्री, सक्षम कुमार मंत्री,अजय कमार महतो सेनापति के पद प्राप्त किया है। कन्या भारती में कोमल कुमारी प्रधानमंत्री,बबीता कुमारी महामंत्री एवं दिलप्रीत कौर सेनापति के पद प्राप्त कर विजय रहे।

## आरज़ेडी अध्यक्ष तारकेश्वर यादव महागठबंधन रैली में हजारों कार्यकर्ता के साथ रविवार को रांची पहुंचेंगे



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : राष्ट्रीय जनता दल धनबाद के जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव के नेतृत्व में रविवार के सुबह 7:00बजे को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में महागठबंधन द्वारा आयोजित रैली में दल बल के साथ हजारों कार्यकर्ता के साथ रैली को सफल बनाने के लिए सिंदरी धनबाद से रवाना होंगे और रैली को सफल बनाने का कार्य करेंगे।

## जोगता नागरिक समिति ने नुक्कड़ सभा कर गिरीडीह लोक सभा प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो का स्वागत फुल माला तथा पटाखो से किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास --शनिवार को जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार जोगता नागरिक समिति के सदस्यों ने जोगता मोड पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया और गिरीडीह सांसद प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो को जोगता मोड पहुंचते ही उनका स्वागत फुल माला तथा पटाखो के साथ किया गया, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के गिरीडीह लोक सभा सांसद प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को तिर धनुष छाप का बटन दबाकर भारी से भारी मतो से बिजई बनाने का संकल्प लिया जिसमें जोगता सिजुआ तथा आस पास के महिला तथा पुरुष उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से पुर्व पार्शद छोटु सिंह, दिनेश महतो, आजाद मुखीया,सुमीत महतो, मन्नु महतो, मंगल चौहान, निर्मल कुमार निषाद, संतोष पासवान, अजय चौहान, हसीब खान, असगर मियां, भुनेश्वर रजवा, सैयाआलम बिन्दवा देबी, कौशल्या देवी,बेबी देवी, सुमित्रा देवी, सान्ती देवी, रिना देवी,ज्योती देबी, बिभा देवी, गुड़ीया खातुनआदी सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बीआईटी सिंदरी में अंतिम वर्ष के छात्रों को परियोजनाएं प्रस्तुत करने के लिए इनोवेशन एक्सपो 2024 का हुआ आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर




सिंदरी: बीआईटी सिंदरी में अंतिम वर्ष के छात्रों को उनकी परियोजनाएं प्रस्तुत करने के लिए इनोवेशन एक्सपो 2024 का आयोजन किया गया। इसे एलुमनी सेल और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल 6.0 द्वारा आयोजित किया गया । जिसमें अंतिम वर्ष के छात्रों (आठवें सेमेस्टर) के प्रोजेक्ट कार्यों का मूल्यांकन किया गया। सभी विभागों के 30 परियोजना कार्यों को प्रारंभिक दौर के लिए चुना गया।

इस कार्यक्रम में बीआईटी सिंदरी के निदेशक डा. पंकज राय, बीटसा के श्वेता कुमारी, डीन एलुमनाई अफेयर्स डॉ. प्रकाश कुमार, प्रशिक्षण व प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. घनश्याम सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और विभिन्न डीन तथा अलग अलग विभागों के प्रोफेसर उपस्थित थे।

इस अवसर पर निदेशक ने नए कार्यों के लिए छात्रों को उत्प्रेरित किया। डीन, एलुमनी अफेयर्स, प्रकाश कुमार ने कहा कि नवीन शोध कार्य के लिए ईमानदार प्रयास तथा नए शोध कार्य के बारे में जानकारी ज़रूरी है।

छात्रों ने अपनी परियोजनाएँ प्रस्तुत करते समय बहुत उत्साह दिखाया। प्रत्येक परियोजना को उनके नवीनता, प्रेजेंटेशन स्किल, कार्य प्रणाली, व्यवहार्यता के आधार पर किया गया। शीर्ष तीन विजेताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में शीर्ष तीन छात्रों की टीमों को पुरस्कृत किया गया और अन्य को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गया। इस कार्यक्रम का उदेश्य प्रतिभागियों के अलावा अन्य छात्रों में भी प्रद्योगिकी व तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवीनता को बढ़ावा देना था।

इनोवेशन एक्सपो 2024 की सफलता न केवल बीआईटी सिंदरी के छात्रों के अंदर प्रतिभा और रचनात्मकता को उजागर करती है, बल्कि नवाचार और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

## बलियापुर बीडीओ ने आसान्न लोकसभा आम चुनाव क़ी तैयारियों को लेकर की बैठक




पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षक, तथा बीपीएम जेएसएलपीएस के साथ बैठक किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हीलचेयर, मतदान दिवस को मतदान केंद्रों की साफ सफ़ाई तथा स्वीप कार्यक्रम के बारे में समीक्षा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया की 195 मतदान केंद्र के लिए 99 भवन चिन्हित है जिसमें सभी में काम से कम एक-एक व्हीलचेयर अवश्य ही उपलब्ध होना चाहिए। मतदान दिवस के दिन ऐसे दिव्यांग मतदाता जो स्वयं या परिवार के सदस्य के साथ मतदान केंद्र पर आने में असमर्थ हैं उन्हें छोटे वहां से मतदान केंद्रों पर लाने हेतु ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।

# गोविंदपुर बागसुमा मोड़ माँ दुर्गा होटल में पुलिस छापामारी कर अवैध शराब जप्त किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : एसएसपी के निर्देश पर गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गठित छापामार दल ने शुक्रवार रात बागसुमा एवं खड़कबाद में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जप्त किया । डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती एवं इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने शनिवार को मीडिया को बताया कि बागसुमा स्थित मां दुर्गा होटल में छापेमारी कर मेक डेवल्स, रॉयल चैलेंज, ब्लेंडर प्राइड एवं गॉडफादर बियर तथा दुकानदार बापी कुमार की निशानदेही पर उसके गोदाम से भी शराब जप्त किया गया । उसके यहां से जब शराब की कीमत करीब ₹19000 है। पुलिस टीम ने बापी कुमार, साकिम कुलडंगाल, देवली को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 104/ 2024 दिनांक 19 4.2024, धारा 272 /273 भादवि एवं 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दूसरी छापेमारी सालासर पेट्रोल पंप के बगल में स्थित अजय होटल खड़काबाद में की। यहां से पुलिस को रॉयल चैलेंज, किंगफिशर एवं इंपिरियल ब्लू शराब मिला। इसके बाद बसंत मंडल की लिट्टी होटल के सामने खड़ी उनकी हीरो मेस्ट्रो कंपनी की स्कूटी के सीट के नीचे से भी शराब जप्त किया गया। पुलिस ने स्कूटी को जप्त कर लिया है । यहां से जप्त शराब की कीमत करीब ₹10000 है। पुलिस टीम ने घटनास्थल से अजय होटल के मालिक अजय जायसवाल, साकिम खड़काबाद एवं बसंत मंडल साकिम कापासाड़ा को गिरफ्तार कर लिया । इस संबंध में पुलिस ने गोविंदपुर थाना कांड संख्या 105/ 2024 दिनांक 20 4.2024, धारा 272/ 273 /34 तथा 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित किया है । पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। छापामार डाल में अनि दिनेश प्रसाद मेहता, जे अंसारी, गुरुदयाल सबर, रविरंजन पांडेय, मनोज कुमार, एएसआई विजय श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण महतो, दिलीप सिंह आदि शामिल थे। डीएसपी ने बताया कि उत्पाद एवं मद्यपान निषेध विभाग के गजट 648 वर्ष 2022 के सेक्शन 29 में स्पष्ट है कि लाइसेंसी शराब दुकानदार द्वारा क्रेता को अधिकतम अंग्रेजों शराब 4.5 लीटर और देसी मसालेदार शराब 4.5 लीटर तक बेची जा सकती है|


मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# झरिया में बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक हुई संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर



झरिया : झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो , भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, जबकि संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है। मोदी सरकार ने बहन बेटी को सुरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधा देने का काम किया है।

मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब करके दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार नहीं सोच पाई। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। वही बात जब धनबाद लोकसभा क्षेत्र की हो तो हमे हमारे देश के यशश्री प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी का काम और कमल के निसान को याद करते हुए मतदान के दौरान बटन दबाकर धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके और आने वाले समय में ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके। वही भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यो को जन जन तक पहुंचाना एक एक कार्यकर्ता का दायित्व है। अगर जनता का काम नहीं सका तो चुनाव में चेहरा दिखाने नहीं आउंगा। कहा आम कार्यकर्ता को भाजपा ने टिकट दिया है। कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। इसलिए पति विधायक तो पत्नी को टिकट दिलवा दिया गया। यह गरीब और एक राजकुमार की लड़ाई है।

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है।

जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न देते हुए भाजपा को वोट देना है। ढुलू महतो को जिताकर संसद भेजें।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, राजकिशोर जेना, राम बालक सिंह, संतोष सिंह, उमेश यादव, रिंकू शर्मा, संजय रवानी, रामदेव शर्मा, काजू राय, रूपेश गुप्ता, भोलानाथ गोस्वामी, कौशल वर्मा, अनित सिंह, मनोज गोप, पप्पू पासवान, राजू रविदास, प्रेम गोप, रंजीत दास, बिपिन मंडल, मथेसर चंद्रवंशी, राहुल गुप्ता, अध्यक्ष कुंदन यादव, प्रतिमा गिरी, टुम्पा सरकार, शोभा देवी, बबलू सिंह, देशराज चौहान, उपेंद्र सिंह, गोपाल यादव, आकाश पासवान, राजकुमार राम मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी उपस्थित थे।

# बसंती दुर्गा पूजा में डांस प्रतियोगिता हुई संपन्न तथा महिलाओं ने सिंदुर खेला के साथ मां दुर्गा को दी विदाई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : बलियापुर प्रखंड अंतर्गत बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह बस्ती में बसंती दुर्गा पूजा के अवसर पर बूगी बूगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डांस प्रतियोगिता में श्रेया दे, राखी महतो, सारथी कुमारी,श्वेता महतो, पूर्वा दे, कोयल कुमारी, मंदिरा कर्मकार, अभिजीत गोराई, लक्ष्मी गोराई, सोमनाथ सरकार, अष्टमी बनर्जी, अनन्या सरकार, आराध्या सरकार, रूपाली दे, ज्योति कुमारी, देव कुमार, विवेक कुमार, तृप्ति कुमारी, शशि गोराई, दिव्या सरकार, राखी मुखर्जी सहित दर्जनों बाल कलाकारों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा को दिखाया एवं दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस प्रतियोगिता में रूपाली दे प्रथम, द्वितीय अराध्या सरकार, एवं अनन्या सरकार तृतीय घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित हुई। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन को सराही और कही कि इस तरह का कार्यक्रम हर जगह होना चाहिए। इससे ग्रामीण बच्चों की अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है तथा उन्हें एक मंच मिलता है। अभिभावक भी बच्चों के रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इस अवसर पर विजेताओं के अलावा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आज विजया दशमी के अवसर पर महिलाओं ने सिंदुर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दिया तथा विसर्जन किया गया। मौके पर पुजारी जय बनर्जी, पंसस गीता देवी, अनिमा देवी, संतोष महतो, रविंद्र नाथ सरकार, निमाई सरकार, गौतम सरकार, गणेश गोराई, भोजोहोरी गोराई, प्रबोध गोराई, रासु महतो, पवन महतो, आशीष चटर्जी, आलोक चटर्जी, सत्यनारायण गोराई, मोती महतो, नियति सरकार, सुमित्रा गोराई, लक्ष्मी गोराई, छाया रानी सरकार, सीमा रानी सरकार, अनूप गोराई, विमल सरकार, काजल सरकार आदि उपस्थित थे।

## बीआईटी सिंदरी की संस्था प्रयास इंडिया के छात्रों ने जैक बोर्ड परीक्षाओं में अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर





सिंदरी: बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित समाजिक एवं शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया के छात्रों ने कक्षा दसम के जैक बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय परिणामों के साथ अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

प्रयास इंडिया के छात्रों ने गहरी प्रतिबद्धता दिखाते हुए इस वर्ष उत्कृष्टता अंक हासिल किए। प्रयास इंडिया के मार्गदर्शन और समर्थन के साथ उनकी कड़ी मेहनत ने उन्हें चुनौतियों से उबरने और अपनी शैक्षणिक गतिविधियों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाया है।

कक्षा दसवीं के छात्र प्रिया कुमारी पांडे ने 88.2% अंक प्राप्त किए हैं इसके साथ अल्ताफ खान ने 81.0%, रूपा तंतुबाई 80.8%, शुभम कुमार शर्मा 79.2%, रीमा तंतुबाई 77.4%, सोनाली कुमारी 76.8%, प्रिया कुमारी 76.8% और लखिन्दर किस्कू 75.2% अंक प्राप्त किए हैं।

प्रयास इंडिया संस्था द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर.सफल छात्रों पुरुसकृत किया साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

## मैट्रिक परीक्षा में 93% अंक लाने वाले राजकुमार को रजवार समाज ने गोविंदपुर गोड़तोपा में किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : गोड़तोपा पंचायत सचिवालय में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में 93% अंक लाने के लिए रजवार समाज की ओर से राजकुमार रजवार को सम्मानित किया गया। मुखिया विनोद रजवार एवं जमुना देवी के पुत्र राजकुमार रजवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया है । इस मौके पर वीणा देवी, हिना कुमारी, रेखा कुमारी, बेबी देवी, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने महिला कार्यकर्ताओं के बैठक मे सिंदरी पहुंची





पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष 25 माई को कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतो से विजय बनाने एवं 30 अप्रैल को प्रत्याशी के नामांकन के दिन उनके समर्थन में भारी संख्या धनबाद पहुचने का आवहान भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पत्नी सह भाजपा नेत्री श्रीमति साबित्री देवी ने शनिवार को सिंदरी के नुतडीह बस्ती में आयोजित भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहीं। उन्होंने महिलाओं से कहा कि नामांकन के दिन ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रत्याशी के पक्ष में पहुचकर विरोधियों का होस उडा दीजिए। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब,एवं महिलाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं जेसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महिलाओं के लिए शौचालय, खाना बनाने के लिए गेस व चुल्हा,आदि प्रदान कर महिलाओं को सशक्तिकरण करने का काम किया है।

मौके पर भाजपा नेता गणेश चन्द्र महतो,वार्ड 53 के पूर्व पार्षद चम्पा देवी,चुमकी देवी,सरिता देवी,सलोचना देवी,सीमा देवी, सुनेना देवी,समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

# 'गाजा' के लिए गूगल के कार्यालय में प्रदर्शन कर रहे 28 'गाजा-प्रेमी' कर्मचारियों का निलंबन

**सनातन के धार्मिक ऐप को बंद करने के पीछे 'गाजा' फेम कम्युनिस्ट मानसिकता; गुगल को दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए ! - सनातन की मांग**

पोलिट लाइव रिपोर्टर





Google workers took part in protests against a contract the company have with the Israeli government

हाल ही में गूगल के 28 कर्मचारियों ने 'इज़राइल के साथ गूगल के समझौते को रद्द करने' के लिए हड़ताल की और गूगल पर ही भारी दबाव डाला। गूगलने इन पक्षपाती कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अगर विश्व के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठान के कर्मचारी अपने काम को करने के स्थान पर धर्म को महत्व देते हैं और कम्युनिस्ट एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, तो ऐसे कर्मचारियों से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसलिए, कुछ महीने पहले सनातन संस्था के धार्मिक पूजा, आरती, नामजप और जागरूकता से संबंधित पांच ऐप को गुगल प्ले-स्टोर से हटा दिया गया था। इसके पीछे 'गाजा' फेम साम्यवादी मानसिकता के होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। इसलिए सनातन संस्था ने मांग की है कि गूगल को उन गूगल कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने सनातन के सामाजिक और राष्ट्रहितैषी ऐप्स को हटाया है।

उपर उपर से ऐसा दिखाई देता है कि ये कर्मचारी गाजा में हिंसा रोकने या इजराइल के साथ हुए समझौते से गाजा में हिंसा ना बढे इसलिए आंदोलन कर रहे हैं; मात्र पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा के समय यह संवेदनशीलता कहां छिप जाती है ? इतना ही नहीं, गाजा के अलावा सूडान, बलूचिस्तान, अफगानिस्तान समेत दुनिया भर में अनेक जगहों पर हिंसा चल रही है। कई जगहों पर मानवता को नष्ट करने का काम हो रहा है। उस पर गूगल के तथाकथित मानवतावादी कर्मचारी विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं करते है ? कुल मिलाकर इजराइल के सूत्र पर गुगल के कर्मचारियों का पक्षपातपूर्ण और एकतरफा रूप सामने आया है।

इस बीच, सनातन संस्था के सात्त्विक कृति के लिए बनाये गये पांच ऐप हैं। देवताओं का नामजप, आरती, पूजा बतानेवाले 'सनातन चैतन्यवाणी', 'गणेश पूजा और आरती', 'श्राद्ध विधि', 'सर्वाइवल गाइड' (आपातकालीन स्थिति में खुद को बचाने के लिए क्या करना चाहिए) और 'सनातन संस्था', ऐप को बिना किसी पूर्व सूचना के गूगल प्ले-स्टोर से हटा दिया गया है। यह गूगल के 'गाजा' फेम' विचारधारा वाले कम्युनिस्ट कर्मचारियों का अत्याचारपूर्ण व्यवहार है। कुछ दिन पहले 'भारत मैट्रोमोनी', 'शादी कॉम', 'नौकरी कॉम', '99 एकर्स कॉम' आदि ऐप्स को गूगल के कर्मचारियों ने हटा दिया था; लेकिन तीव्र विरोध के बाद ऐप को फिर से प्ले-स्टोर पर डाल दिया गया। हमारी मांग है कि सनातन संस्था का सामाजिक एवं राष्ट्रहितकारी एप जिसे हजारों लोगों ने पसंद किया है उसे पुनः गूगल प्ले-स्टोर पर डाला जाए।

## झरिया में बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक हुई संपन्न




**कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है, पति विधायक तो पत्नी को लोकसभा उम्मीदवार - दुल्लु महतो**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

झरिया : झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो , भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, जबकि संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है। मोदी सरकार ने बहन बेटी को सुरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधा देने का काम किया है।

मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब करके दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार नहीं सोच पाई। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। वही बात जब धनबाद लोकसभा क्षेत्र की हो तो हमे हमारे देश के यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी का काम और कमल के निसान को याद करते हुए मतदान के दौरान बटन दबाकर धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके और आने वाले समय में ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके। वही भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाना एक एक कार्यकर्ता का दायित्व है। अगर जनता का काम नहीं सका तो चुनाव में चेहरा दिखाने नहीं आउंगा। कहा आम कार्यकर्ता को भाजपा ने टिकट दिया है। कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। इसलिए पति विधायक तो पत्नी को टिकट दिलवा दिया गया। यह गरीब और एक राजकुमार की लड़ाई है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है।

